# विचार-मंथन

# भारत-चीन के बीच भरोसे की कूटनीति



सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चल रही कवायद के जरिए भारत-चीन संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। दोनों देश लगभग पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक जल्द बुलाने वाले हैं। साथ ही, दोनों देशों में सीधी उड़ान बहाल करने और मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने को लेकर सहमति बन रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है और अब भरोसा बहाल करने के आगे के कदम उठाए जा रहे हैं। सीमा विवाद के अलावा दोनों देशों के बीच जो मुद्दे अरसे से लंबित रहे हैं- मसलन, सीमावर्ती नदियों के आंकड़े साझा करने समेत आपसी सहयोग बढ़ाने के तमाम विषयों पर बातचीत शुरू की गई है और प्रगति संतोषजनक है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत से उसके मजबूत रिश्ते अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के कारण यह समीकरण कारगर नहीं हो पा रहा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से रूस ने पहल की और भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर होनी शुरू हुई। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की प्रतिक्रिया का भारत के कूटनीतिज्ञ विश्लेषण कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह खफा है। अभी अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं। हालांकि, भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए भी भरोसेमंद साझीदार बन रहा है। इस कारण कोई भी ताकत भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रही। चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीधी उड़ान सेवाओं से विद्यार्थियों और पेशेवरों को राहत मिलेगी। हालांकि, सवाल अभी भी है कि चीन अपने ताजा रुख पर कब तक कायम रह पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों से तौबा नहीं करता, उसके किसी भी कदम पर बहुत भरोसा करना ठीक नहीं। यह समझना होगा कि भारत और चीन सिर्फ पड़ोसी ही नहीं हैं, वे दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भी हैं। वे एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। दोनों पक्षों ने अतीत में दिखाया है कि मजबूत आर्थिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क में सीमा विवाद बाधा नहीं बनते। अतीत में व्यापार संबंध जबरदस्त ऊंचाई पर रहे, लेकिन निवेश, यात्रा और वीजा सहित कई क्षेत्रों में संबंध टूट गए। उनकी बहाली की कवायद स्वागतयोग्य है। संबंधों में भरोसा बहाल हो और यह स्थायी हो, तभी बात बनेगी।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन की आगामी भारत यात्रा का महत्व

**अरुणिम भुयान**



मास्को ने हाल ही में एक संशोधित परमाणु सिद्धांत पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया है कि किसी भी देश का रूस पर किया गया पारंपरिक हमला, जिसे परमाणु शक्ति का समर्थन हासिल हो, रूस पर संयुक्त हमला माना जाएगा। इस बीच क्रेमलिन ने घोषणा की है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे और इसके लिए तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को नई दिल्ली में रूसी स्पुतनिक समाचार एजेंसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए कहा, हमने इस साल अपने देश में दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीख फाइनल कर लेंगे। इस साल जुलाई में पीएम मोदी और पुतिन वार्षिक भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए मास्को में मिले थे। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी। भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की वकालत करता रहा है। इस साल पीएम मोदी अगस्त में यूक्रेन भी गए थे, जो सोवियत संघ के विघटन और यूक्रेन के गठन के बाद से भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। उस यात्रा के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि उन्होंने मोदी को सूचित किया कि वह चाहते हैं कि भारत यूक्रेन पर शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी करे। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन वैश्विक दक्षिण में ऐसे देश की तलाश कर रहा है जो इस तरह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर सके। इसके बाद पीएम मोदी और पुतिन ने पिछले महीने तातारस्तान के कजान शहर में रूस ने आयोजित इस साल के ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका शिखर सम्मेलन के दौरान एक बार फिर द्विपक्षीय बैठक की।इन सबके मद्देनजर पुतिन की भारत यात्रा की घोषणा महत्वपूर्ण हो जाती है। इसका मतलब है कि दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन, जो आमतौर पर लगभग वार्षिक अंतराल पर आयोजित किया जाता है, इस बार एक साल से भी कम समय में आयोजित किया जा सकता है। वार्षिक शिखर सम्मेलनों की परंपरा 2000 में पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर के साथ शुरू हुई। इस समझौते ने दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत को संस्थागत रूप दिया और संबंधों को मजबूत करने के लिए उनकी पारस्परिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 2010 में साझेदारी को एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया गया था। हालांकि, कोविड-19 महामारी ने इस वार्षिक संवाद को बाधित कर दिया। इस साल जुलाई में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले, आखिरी वार्षिक शिखर सम्मेलन 2021 में आयोजित किया गया था। हालांकि नई दिल्ली-मॉस्को संबंध मजबूत बने हुए हैं, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव, पश्चिम के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी और रूस की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी जैसी चुनौतियों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करने की आवश्यकता है। दोनों पक्ष तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था के बीच अपनी साझेदारी को बनाए रखने के महत्व को समझते हैं। किंग्स कॉलेज लंदन में किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के इंटरनेशनल रिलेशंस के प्रोफेसर और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक के उपाध्यक्ष हर्ष वी पंत के अनुसार, पुतिन की आगामी भारत यात्रा को अगले साल जनवरी में डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के आलोक में भी देखा जाना चाहिए। पंत ने कहा, आप देखिए यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से पुतिन भारत नहीं आए हैं। इस साल मोदी के दो बार रूस का दौरा करने के बाद, पुतिन को लगता है कि यह भारत की पारस्परिक यात्रा करने का समय है और वह ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से पहले ऐसा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद बहुत सारी अनिश्चितताएं होंगी। इसलिए पुतिन ट्रंप के युग में भारत-रूस संबंधों का रोडमैप तैयार करना चाहते हैं। पंत ने पुतिन की आगामी यात्रा के संबंध में चीनी फैक्टर की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, अभी तक, रूस और चीन सबसे करीबी सहयोगी हैं, लेकिन ट्रंप के सत्ता में आने के बाद चीन पर बहुत दबाव होगा। ऐसे में भारत बहुत प्रभावशाली हो जाएगा। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड का हिस्सा है, जो जापान के पूर्वी तट से लेकर अफ्रीका के पूर्वी तट तक फैले इस क्षेत्र में चीन के हेजेमॉनी के सामने एक स्वतंत्र और ओपन इंडो-पैसिफिक के लिए काम कर रहा है। पंत के अनुसार ट्रंप यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया, यूक्रेन संघर्ष को हल करने में भारत की मध्यस्थता बहुत रणनीतिक रही है। नई दिल्ली स्थित इमेजिनइंडिया थिंक टैंक के अध्यक्ष रोबिंदर सचदेव ने बताया कि भारत यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए पहले ही मध्यस्थता का एक पूरा दौर कर चुका है। सचदेव ने कहा, मोदी ने जुलाई में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए मॉस्को में पुतिन से मुलाकात की, अगस्त में कीव में जेलेंस्की से, सितंबर में क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए डेलावेयर में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से, सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान जेलेंस्की से और फिर पिछले महीने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पुतिन से मुलाकात की। यह एक पूर्ण चक्र पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वे पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों के भीतर यूक्रेन युद्ध को समाप्त कर देंगे। सचदेव ने कहा, ट्रंप की टीम पहले से ही इस पर काम कर रही है। मोदी और ट्रंप दोनों के प्रयासों से इस प्रक्रिया में तालमेल आएगा। पंत के अनुसार, हालांकि भारत और रूस ने पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंध बनाए रखे हैं, लेकिन चुनौतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय आर्थिक मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना मोदी और पुतिन दोनों द्वारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। दोनों नेताओं ने पहले 2025 तक द्विपक्षीय निवेश को 50 बिलियन डॉलर और द्विपक्षीय व्यापार को 30 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

# भौतिकवाद के चलते रिश्तों का दायरा सिमटा

**राजेंद्र बज**



बिना किसी भूमिका के यह सवाल किया जाए कि काम से काम रखने वाले कितने काम के होते हैं, तो निश्चित ही इसका सहज रूप से सटीक जवाब दे पाना कठिन होगा। दरअसल, हम अपने सामाजिक जनजीवन में परस्पर रिश्ते-नाते की डोर से बंधे हुए होते हैं। हमारी अपनी प्रतिबद्धता मात्र परिजनों के प्रति ही नहीं होती, बल्कि बने हुए रिश्तों को बनाए रखने के प्रति भी होती है। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, लिहाजा किसी भी स्थिति में वह एकाकी जीवन नहीं जी सकता। व्यावहारिक रूप से जो केवल अपने काम से नाता रखते हैं, रिश्तों के अपनेपन की अनूठी अनुभूति से विरक्त रहा करते हैं। विपरीत परिस्थितियों में ही अपनों के अपनेपन का बोध हुआ करता है। सीधी-सी बात है कि किसी के लिए हम काम के होंगे, तो वे भी काम के होंगे।वर्तमान परिदृश्य में रिश्तों को सहेज कर रखना, जमाने में निश्चिंतता से जी सकने का मार्ग प्रशस्त करता है। कुछ रिश्ते स्वाभाविक रूप से तो कुछ रिश्ते व्यक्तिगत पहल या सामाजिक कारणों से बनते हैं। कभी-कभी कुछ रिश्ते परस्पर व्यावसायिक जरूरतों के आधार पर भी बन जाते हैं। हम चाहे हर स्तर पर आत्मनिर्भर हों, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में हम अपनों पर आश्रित हो जाने की स्थिति में भी आ सकते हैं। किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना के दौर में निकटतम रिश्तों से अधिक अपनेपन के रिश्ते संबल प्रदान करते हैं। प्रथम दृष्टया यही संकटमोचक सिद्ध होते हैं। इसलिए रिश्ते को सहेज कर रखना वर्तमान दौर की प्रथम जरूरत है। वास्तव में रिश्तों के प्रति हमें संवेदनशील होना चाहिए। वर्तमान आपाधापी के दौर में हमें किसी भी स्थिति में आत्मकेंद्रित स्वरूप में जीवनयापन नहीं करना चाहिए। बेहतर हो कि हम रिश्तों की अहमियत पर पर्याप्त ध्यान देने का प्रयास करें। हम नहीं जानते कि हमारा भविष्य भी वर्तमान की तरह होगा। यह भी नहीं जानते कि भविष्य के प्रति संजोए गए सपने भी साकार सिद्ध होंगे या नहीं! दरअसल, परिस्थितियां एक समान नहीं होतीं और न ही जैसा हम सोचते हैं, वैसी ही होंगी। संकटकालीन परिस्थितियों में अपनों का अपनापन मनोवैज्ञानिक रूप से हमें संकट का सामना करने का सामर्थ्य देता है। केवल अपने काम से काम रखना एक प्रकार से असहिष्णुता की निशानी है। इस स्थिति से बचने का प्रयास किया जाना चाहिए। यथाशक्ति एक दूसरे की मदद भी मनोवैज्ञानिक रूप से अद्भुत सामर्थ्य प्रदान करती है। एक प्रकार से हम अपने जीवन में सकारात्मक के साथ-साथ नाना प्रकार की नकारात्मक परिस्थितियों के निशाने पर भी आ सकते हैं। समय कभी कुछ कह कर नहीं आता। हमें चाहिए कि चाहे हम काम से ही काम रखते हों, लेकिन हमारे अंतःकरण में परदुखकातरता के भाव अवश्य विद्यमान होना चाहिए। हम सामाजिक प्राणी होने के नाते समाज के बीच जीवनयापन करते हैं। स्वाभाविक है कि हम एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। अगर हम किसी के काम आएं तो अन्य कोई हमारे काम आएगे। यही बेहतर जीवन शैली का सार तत्व है। हमें चाहिए कि एक दूसरे के दुख और तकलीफ को हम गंभीरता से समझने का प्रयास करें। किसी के काम आना बहुत काम आता है। वर्तमान दौर में प्रबल भौतिकवाद के चलते तमाम तरह के रिश्तों का दायरा सिमटता जा रहा है। संयुक्त परिवार भी धीरे-धीरे विघटित होते जा रहे हैं। वरना एक समय था, जब संयुक्त परिवार हुआ करते थे, तब स्वाभाविक रूप से परिवार में 'संगठन की शक्ति' का बोध हुआ करता था। विपरीत परिस्थितियों में भी पारिवारिक सदस्यों का आत्मबल कभी कम नहीं होता था। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में परस्पर संबंध विकसित करने में भावनात्मक लगाव कुछ इस कदर होता था कि हर एक रिश्ते को शिद्दत के साथ अपनाया जाता था। सामाजिक रिश्ते भी बखूबी निभाए जाते थे। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, लेकिन कभी किसी को अकेलेपन का एहसास नहीं होता था। आज स्थिति यह है कि इस बात की कोई पक्की गारंटी नहीं दी जा सकती कि निकटतम पारिवारिक रिश्तों का निर्वहन मान-सम्मान और मर्यादा के अनुरूप किया जाता हो। जब हमें किसी और से ज्ञात होता है कि अमुक का अमुक नजदीकी रिश्तेदार है, तो हम यह तो समझ लेंगे कि वह उसका नजदीकी है, लेकिन मन में संशय होने लगता है कि क्या वह उसका वास्तव में नजदीकी रिश्तेदार है! दरअसल, वर्तमान परिस्थितियां ही कुछ ऐसी है कि कोई रिश्ता भरपूर शिद्दत के साथ निभाया जाता हो, इसका अनुमान केवल अनुमान बनकर रह जाता है।

# पुतिन के आने से पहले टेंशन में भारत, रूस-यूक्रेन में बढ़ी बमबारी तो हम भी भुगतेंगे खामियाजा

रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के चलते गुरुवार को तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। इस युद्ध से सप्लाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ओपीईसी की ओर से ग्लोबल मांग कमजोर होने के चलते उत्पादन बढ़ोतरी में देरी की संभावना ने बाजार की अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। भारत के लिए यह बड़ी टेंशन है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गुरुवार को कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम मजबूत हुए। इसकी वजह रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में तेजी का आना है। इस युद्ध के चलते भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। इसने सप्लाई की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जनवरी के लिए ब्रेंट क्रूड वायदा 28 सेंट यानी 0.4 प्रतिशत बढ़कर 73.09 डॉलर पर पहुंच गया। जनवरी के लिए यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड वायदा भी 28 सेंट यानी 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.03 डॉलर पर बोला गया। क्रूड की कीमतों में मजबूती भारत के लिए अच्छी नहीं है। भारत तरक्की के रथ पर सवार है। विकास की दौड़ में उसने छक्के-छुड़ा रखे हैं। इस ग्रोथ के लिए ऊर्जा संसाधन अहम हैं। दिक्कत यह है कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल आयात करता है। इससे वह वैश्विक तेल बाजार के उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील हो जाता है। तेल की बढ़ती कीमतें भारत के व्यापार घाटे और महंगाई दर को बढ़ा सकती हैं। आयात पर निर्भरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल देती है। खास तौर से तेल उत्पादक देशों में राजनीतिक अस्थिरता या सप्लाई में बाधा आने की स्थिति में। भारत रूस से सबसे ज्यादा तेल आयात करता है। ऐसे में सप्लाई में किसी तरह की बाधा का भारत पर भी असर पड़ने की आशंका है। हाल में रूस ने कहा था कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। हालांकि, इसके लिए कोई औपचारिक तारीख नहीं बताई गई थी। यूक्रेन के साथ तनाव के इस दौर में पुतिन का भारत आना कई लिहाज से बहुत अहम होगा। भारत इस युद्ध को रुकवाने में कड़ी का काम कर सकता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुतिन के साथ मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजर होगी। तेल की कीमतों में उछाल की बड़ी वजह रूस और यूक्रेन के बीच तनाव का बढ़ना है। यूक्रेन ने बुधवार को रूस पर ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइलों की बौछार कर दी। ये नए पश्चिमी हथियार हैं जिन्हें यूक्रेन को रूसी ठिकानों पर इस्तेमाल करने की अनुमति मिली है। इससे एक दिन पहले ही यूक्रेन ने अमेरिकी, अटैक्स मिसाइलें दागी थीं। रूस ने कहा है कि सीमा से बहुत दूर रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए पश्चिमी हथियारों का इस्तेमाल संघर्ष को बहुत बढ़ा देगा। वहीं, यूक्रेन का कहना है कि उसे मॉस्को के आक्रमण का समर्थन करने वाले रूसी ठिकानों पर हमला करके खुद का बचाव करने की जरूरत है। इस हफ्ते रूस-यूक्रेन युद्ध को 1,000 दिन पूरे हो गए हैं। तेल के दामों पर दूसरा बड़ा असर अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में बढ़ोतरी का भी पड़ा है। एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि 15 नवंबर को समाप्त हफ्ते में अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार 5,45,000 बैरल बढ़कर 43.03 करोड़ बैरल हो गया। रॉयटर्स के एक सर्वे में विश्लेषकों ने 1,38,000 बैरल की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। इस बीच पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और रूस के नेतृत्व वाले उसके सहयोगियों 1 दिसंबर को होने वाली अपनी बैठक में उत्पादन बढ़ोतरी को फिर से टाल सकते हैं।

## राजस्थान: चिता पर लिटाने के बाद जिंदा हुआ व्यक्ति




# आज का राशिफल

**मेष** : [illegible] शुभांक 5.6.7

**वृषभ** : [illegible] शुभांक 6.7.9

**मिथुन** : [illegible] शुभांक 5.7.8

**कर्क** : [illegible] शुभांक 2.4.8

**सिंह** : [illegible] शुभांक 3.5.7

**कन्या** : [illegible] शुभांक 3.6.8

**तुला** : [illegible] शुभांक 3.7.9

**वृश्चिक** : [illegible] शुभांक 2.5.7

**धनु** : [illegible] शुभांक 1.5.7

**मकर** : [illegible] शुभांक 1.2.6

**कुंभ** : [illegible] शुभांक 2.6.8

**मीन** : [illegible] शुभांक 2.4.9

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5426

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5426



संकेत: बाएं से दाएं

1. इस क्रांतिकारी को भगतसिंह के साथ फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
4. पृथ्वी के ऊपर की सतह (3)
6. कथन, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच वार्तालाप (4)
8. अपना मतलब निकालने वाला, कुशल, चालाक (3)
9. किसी नगर या कस्बे में पहुंचने का प्रवेश स्थान (2)
10. किसी बड़े स्थान को घेरने के लिए लगाया गया तंबू (4)
11. तलाश करने के किया जाने वाला प्रयत्न (3)
13. बेटी के बेटे को यह कहते है (2)
15. शिकस्त, पराजय, मात का अपभ्रंश (2)
16. धूल आदि साफ करने के लिए उपयुक्त होने वाली वस्तु (3)
17. बुलावा, उपस्थित होने के लिए जोर से बुलाना (3)
18. स्त्री जाति का प्राणी (2)
19. साझा होने का भाव (2)
20. आसान, सरल, सामान्य, साधारण (3)

ऊपर से नीचे

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
2. उद्गार, धूल, गर्द (3)
3. ऋतु का अपभ्रंश (2)
4. बीता हुआ, अतीत, निश्चय, प्रेत (2)
5. छोटी लता को यह कहा जाता है (3)
7. मुख्यमंत्री (अंग्रेजी) (6)
9. सुनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
12. पद प्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
14. तीर से लक्ष्य को भेद करने वाला (4)
16. यह सेनेगल देश की राजधानी है, [illegible] (3)
18. तीस दिनों का समय, मास (2)

### वर्ग पहेली 5425 का हल



# दिल्ली, तेलंगाना और उत्तराखंड के पहलवानों को हराकर कार्तिक ने मप्र को दिलाया कांस्य

## उत्तरप्रदेश में हुई राष्ट्रीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में कार्तिक राठौर ने किया नाम रोशन

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के पहलवान कार्तिक राठौर ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में आयोजित हुई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में कार्तिक राठौर ने 14वर्ष वर्ग में 44 किलो वजन समूह में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। कार्तिक राठौर ने दिल्ली और तेलंगाना के पहलवानों को हराकर कास्यं पदक के लिए क्वालिफाई किया। इस पदक के लिए कार्तिक ने उत्तराखंड के पहलवान को चीत (बायफाल) हराया और कास्यं पदक अपने नाम किया। मंदसौर के पहलवान कार्तिक की इस उपलब्धि पर साथी पहलवान, कोच, अखाड़ा संचालको, परिवाजनों ओर स्नेहीजनों ने मंदसौर आगमन पर स्वागत सत्कार कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। कार्तिक पहलवान राजेश राठौर के सुपुत्र है।

असाधारण कौशल और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए मंदसौर के होनहार खिलाड़ी कार्तिक राठौर ने 68वें राष्ट्रीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में -44 किग्रा वजन समूह में कांस्य पदक जीतकर



मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश में युवा सेवा एवं खेल निदेशालय द्वारा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कार्तिक ने अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर मंदसौर पहुंचने पर जिला कुश्ती संघ ने साफा बांधकर व मिठाई खिलाकर पुष्पमालाओ से भव्य स्वागत किया। जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों और नागरिकों ने कार्तिक की इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और कठिन अभ्यास को दिया। कार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल मंदसौर बल्कि पूरे मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनके इस प्रदर्शन से अन्य युवा खिलाडियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सम्मान समारोह के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी बंसीलाल गुर्जर, जिला कुश्ती संघ मंदसौर के अध्यक्ष दिलीप ग्वाला, संरक्षक नेमीचंद राठौर, संयोजक विनय दुबेला, परशुराम सेवा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष पंडित जितेंद्र व्यास, सर्व समाज जनसेवा संगठन के महामंत्री घनश्याम सोनी, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, पार्षद विक्रम बेरवा, वरिष्ठ नेता संजय गोयल, गोपाल दीवान, विक्की गोसर, राजेश राठौर, महेन्द्र परिहार, रवि अहीर, पवन बानिया, बम बानिया, रवि ग्वाला, हेमंत पहलवान, अन्नू पहलवान, मोनू अहीर, अजय राठौर, अनिल सूरा, अशोक बानिया, लाला रियार आदि पहलवान उपस्थित थे। संचालन विनय दुबेला ने किया व आभार कुश्ती कोच रवि अहीर ने माना।

## पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन की अनुसूची जारी

**नीमच, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया कि पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन की अनुसूची जारी कर दी गई है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों के आधार पर आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है जो कि निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि तक प्रभावशील रहेगी। नाम निर्देशन पत्र 25 नम्बर तक प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक लिये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 26 नम्बर को होगी एवं अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 28 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है।

# हॉकी खिलाड़ी आरव का केवी इंडिया टीम में चयन

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इसी सप्ताह रोहतक में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में मंदसौर का आरव करेगा के. वी. इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व ज्ञात रहे पूरे भारत के केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों से चयनित की गई टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत करती है। यह बड़े गौरव की बात है कि आरव लगातार दूसरी बार के.वी. इंडिया टीम का सदस्य बना यह जानकारी हॉकी मंदसौर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया ने दी उन्होंने बताया कि



आरव मंदसौर में केंद्र शासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर का नियमित सदस्य है और पिछले 5 वर्ष से प्रशिक्षण ले रहा है। बच्चों की इस उपलब्धि में केंद्रीय विद्यालय के खेल प्रशिक्षक उमेश् व कोच मंगल का महत्वपूर्ण योगदान है। ज्ञात रहे आरव के पिता विकृशी तिवारी भी अपने समय के बास्केटबॉल के बहुत अच्छे खिलाडी रहे हैंव अभी मंदसौर पुलिस विभाग में कार्यरत है। आरव की इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़ाक, सीनियर खिलाडी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की।



# सभी बच्चों को 8 दिसम्बर को पोलियों की दवा बूथ पर जरूर पिलावें

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन की अध्यक्षता में पल्स पोलियों अभियान की बैठक सुशासन भवन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने पल्स पोलियो अभियान हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा की एवं समस्त विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिये। 8 दिसम्बर सभी 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियों की दवा बूथ पर पिलाई जावेगी। सभी अपने बच्चों को पोलियों की दवा जरूर पिलावें। कोल्डचेन व्यवस्था एवं पोलियो वायरस के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. सुरेष सोलंकी जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा अभियान की तैयारियों की जानकारी दी गई एवं पिछले अभियान की दिनवार समीक्षा की गई। एएनएम एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता की संयुक्त बैठक सभी बीएमओ आयोजित करें और ए.एफ.पी. सर्विलेंस के बारे में उन्हें अवगत करावें। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. गोविंदसिंह चौहान, सिविल सर्जन, जिला षिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारीएवं स्वास्थ्य विभाग के खण्ड स्तरीय अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधकव अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# पशुपतिनाथ महादेव मेला में कबीर के भजनों ने समां बांधा

## कबीर वाणी व सुफी संगीत की प्रस्तुति को सभी ने सराहा



**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के 62वें मेले में प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक विविध सांस्कृतिक रंगमंचीय कार्यक्रम हो रहे है। इसके अंतर्गत कल शुक्रवार को रात्रि में कबीर भजन संध्या कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिसमें इंदौर के भजन गायक कबीर परिहार व खण्डवा के गायक संदीप पाटील ने कबीर के भजनों की प्रस्तुति से मेला में समा बांध दिया। उन्होंने एक के बाद एक ऐसे भजन व गीत प्रस्तुत किये कि श्रोतागण दाद दिये बिना नहीं रह सके। द कबीर स्टूडियो इंदौर के ये दोनों गायक कलाकारों ने कबीर वाणी व सुफी संगीत की ऐसी अमृत वर्षा की कि श्रोतागण उसमें भाव विभोर हो गये। कबीर परिहार व संदीप पाटील ने जो सुख पायो मैंने राम भजन में वो सुख नहीं अमीरी गरीबी में मैं तो हूँ फकीरी में गीत की प्रस्तुति पर खूब प्रशंसा बटोरी। दोनों ने शरीर के नश्वर होने व समय के परिवर्तन होने के संबंध में कबीर का भजन अभिमान मत कर माया का एक झोंका पवन का लग जाये तो गुरूर मिट जाये काया का मत अभिमान कर काया का । दोनों ने वारी जाऊरे-बलिहारी जाऊरे एवं हल्के गाड़ी हाको मेरे राम गाडी वाले गीत को भी प्रस्तुत किया। जिसे सभी ने सराहा। उन्होंने सुफी संगीत की भी प्रस्तुति दी। दमादम मस्त कलंदर तथा छाप तिलक सब छीनी मार से नैना मिलाई के गीत पर खूब दाद बटोरी। दोनों ने शिव भक्ति के गीत बम लहरी तथा राजस्थानी गीत केसरिया बालम की भी प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में पधारे अतिथिगण शिवकरण प्रधान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, पूर्व नपाध्यक्ष कुसुम गुप्ता, भाजपा नेता योगेश गुप्ता, दिलीप सेठिया, सुभाष गुप्ता, चुन्नीलाल चौहान, महिला नेत्री श्रीमती उषा कुमावत, अर्चना गुप्ता, ममता खीची, शा.महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. प्रेरणा मित्रा के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।

दशपुर जागृति संगठन ने मांग की कि संजीत रोड़ के नवनिर्मित सेतु का नामकरण...

# महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से किया जावे



**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर जागृति संगठन के सभी सदस्यों ने दिनांक 19 नवम्बर 2024 को महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर एक संकल्प लिया था कि संजीत रोड़ स्थित महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतीमा से आगे नवनिर्मित सेतु का निर्माण पूर्ण हो चुका है, क्रांतिकारी संगठन होने के नाते संगठन यह चाहता है कि इस सेतु का नामकरण देश की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहूति देने वाली झांसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई के नाम पर तत्काल करें। इस हेतु एक ज्ञापन संगठन की ओर से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर को सौंपा गया।

दशपुर जागृति संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले, फांसी पर लटकाये जाने वाले और गोलियों से भून दिये गये शहीदों को भुलाया जा चुका है, जबकि उनके आंदोलन और कुर्बानी से ही देश को आजादी मिली है, इसलिये उनके बलिदान को चिरस्थाई बनाने के लिए सेतु का नामकरण महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से ही हो, किसी भी राजनेता के नाम से नहीं होना चाहिये। ऐसा ध्यान रखा जावे। इसी के साथ एक मांग ओर संगठन ने रखी कि महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतीमा पर वर्ष में दो बाद पुष्पांजलि अर्पित की जाती है, उनकी जयंती और बलिदान दिवस पर संगठन कार्यक्रम आयोजित करता है। उनको माल्यार्पण नगरपालिका की हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर किया जाता है, उसमें सभी सदस्य नहीं कर पाते, साथ ही खतरा भी रहता है, अत: प्रतिमा स्थल पर सीढ़ी का निर्माण कराया जावे ताकि सामान्यजन भी आसानी से माल्यार्पण कर सके। इस अवसर पर संरक्षक रविन्द्र पाण्डे ने कहा कि अन्य प्रतिमाओं के लिये भी सीढ़ियों की व्यवस्था बनाई जावे, ताकि माल्यार्पण सुगमता से किया जा सके। ज्ञापन का वाचन संयोजक सत्येन्द्रसिंह सोम ने किया। ज्ञापन देते समय संगठन के उपाध्यक्ष बी.एस. सिसौदिया, श्री चन्द्रकुमार विश्नोई, श्री अरूण गौड, श्री शत्रुंजय सोनी, श्री रमेशचन्द्र चन्द्रे, श्रीमती सीमा चौरड़िया उपस्थित थी।

# मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी क्रिषा परिहार का इंडिया कैंप में चयन

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि 21 नवंबर को हॉकी इंडिया द्वारा जूनियर इंडिया कैंप के लिए खिलाड़ियों का ऐलान किया गया उसमें मंदसौर की हॉकी खिलाडी क्रिषा परिहार का चयन हुआ। क्रिषा का चयन निरंतर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। रांची में रही जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में क्रिषा मध्य प्रदेश फाइनल खेली थी और फाइनल तक पहुंचने में क्रिषा का महत्वपूर्ण योगदान था। क्रिषा ने हॉकी की शुरुआत सेंट थॉमस विद्यालय कक्षा 6 से की यहीं से स्टेट व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत की।

क्रिषा ने मंदसौर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर में प्रशिक्षण लिया। इसके बाद यहीं से मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित भारत की नंबर एक वूमेंस अकेडमी ग्वालियर में क्रिषा परिहार का चयन हुआ यहां श्री परमजीत सिंह बराड़ जैसे प्रशिक्षकों का सानिध्य मिला यहां से क्रिषा ने भारत में होने वाली तमाम प्रतियोगिताओं में शिरकत की। क्रिषा के पिता श्री धर्मेंद्र परिहार कुचड़ोद ग्राम पंचायत में सचिव के पद पर कार्यरत है क्रिषा को यहां तक पहुंचाने में उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पशुधन गणना ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 104 प्रगणकों के द्वारा की जाएगी

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था में पशुधन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है जो लाखों परिवारों के लिए आय का मुख्य साधन है। पशुधन गणना की शुरुआत वर्ष 1919 में हुई थी अब तक 20वी पशुधन गणनाऐं आयोजित की जा चुकी है और आखरी जनगणना वर्ष 2019 में हुई थी। 21वीं पशुधन गणना माह नवंबर से दिसंबर 2024 के दौरान की जाएगी। पशुधन क्षेत्र में सुधार के लिए कार्यक्रमों की उचित योजना, निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी को सुविधाजनक बनाना पशुधन जनगणना के मुख्य उद्देश्य है।

21वीं पशुधन जनगणना में तीन प्रकार की अनुसूचियां तैयार की जाएगी, अनुसूची एक में ग्रामीण/शहरी वार्ड की सामान्य जानकारी निराश्रित पशुओं, बूचडखाना, कसाईखाना की संख्या गौशाला संख्या के बारे में जानकारी रहेगी। अनुसूची दो में घरेलू/उद्यमी गैर घरेलू उद्यम और संस्थाओं की सामान्य जानकारी एवं अनुसूची तीन में पशुधन और मुर्गी पालन की विभिन्न प्रजातियों की नस्ल का डेटा संग्रहण करने के साथ ही पशुधन कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरण की भी जानकारी एकत्र की जाएगी। पशुधन गणना ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 104 प्रगणकों के द्वारा घर-घर पहुंचकर जानकारी ली जाएगी।

# परियोजना सेक्टर, सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जेंडर के आधार पर अधिकारों का, विकास के अवसरों का, और संसाधनों पर असमान पहुंच का मुख्य कारण समाज के हानिकारक सामाजिक मानदंड है जिसके फलस्वरुप समाज का एक वर्ग बालिकाएं/महिलाएं शिक्षा और रोजगार के अवसरों से विकास की मुख्य धारा से पीछे रह गई। बालिकाओं को भी शिक्षित, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हानिकारक सामाजिक मानदंडों को तोड़ना आवश्यक हो जाता है।

यह बात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मल्हारगढ़ परियोजना की सेक्टर सुपरवाइजर और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में भोपाल से आई श्रीमती इंदू सारस्वत ने कही। श्रीमती सारस्वत द्वारा जनपद पंचायत मल्हारगढ़ के सभागार में बाल एवं महिला हितैषी पंचायतों के निर्माण के मुद्दों पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए जेंडर असमानता और हानिकारक सामाजिक मानदंडो पर चर्चा करते हुए बताया की किशोरियों का विवाह समय से पूर्व (कानून द्वारा निर्धारित बालिकाओं की आयु 18 वर्ष) हो जाने से उनकी शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है साथ ही वह शिक्षा, खेल, कौशल विकास, आजीविका आदि के अवसरों से वंचित रह जाती हैं। प्रशिक्षण में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के जिला समन्वयक ने बताया कि महिलाओं की पहचान उनके जेंडर के आधार पर किए गए कार्यों के विभाजन से होती है उन्हें बहुतायत घरेलू और लोगों की देखभाल से संबंधित कार्य दिए गए हैं इससे हमारे संविधान की मूल भावना सभी को समान अधिकार, समान अवसर प्रभावित होते हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री संतोष शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ममता/ यूनिसेफ के सहयोग से ग्राम पंचायतों को बाल एवं महिला हितैषी बनाने के उद्देश्य किये जा रहे हैं इसके पूर्व पंचायत सचिव, सरपंच आजीविका मिशन की सीआरपी के प्रशिक्षण हो चुके हैं आगामी दिनों हम शिक्षकों का भी प्रशिक्षण करेंगे।प्रशिक्षण में सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, वन स्टाप सेंटर के पदाधिकारी के साथ परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एडीएम श्रीमती गामड़ द्वारा गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत...

# 31 प्रकरणों में जप्त वाहन राजसात

**नीमच, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत माह अप्रेल से अब तक कुल 31 प्रकरणों में जप्त वाहनों को शासन हित में राजसात किया गया है।

ए.डी.एम. नीमच द्वारा गौवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत जप्ते वाहन क्रं. पी.बी.02.सी.सी.7875, एम.पी.09.जी.एफ.4252, एच.आर.55.ए.के.0414, ट्रक क्र. आर.जे.19.जी.बी.6526 एवं ट्रक क्र. आर.जे.19.जी.बी.0732, ट्रक क्र. पी.बी.13.ए.एल.8083, ट्रक क्र. आर.जे.19.जी.डी.0799, पिकअप क्र. आर.जे.35.जी.ए.1104, ट्रक क्र. आर.जे.21.जी.सी.4577, पिकअप क्र. एम.पी.14.जी.सी.2777, ट्रक पी.बी.06.बी.जी.0893, अशोक लिलेण्ड. टेम्पोज वाहन क्र. आर.जे.03.जी.ए.6036, ट्रक वाहन क्र. के.एल.41.टी.5120, टाटा कंपनी का ट्रक आर.जे.21.जी.सी.8855, एम.पी.43.जी.4943, पिकअप वाहन क्र. एम.पी.45.जेड.डी.4944 को शासनहित में राजसात किया गया है। इसी तरह ट्रक वाहन क्र. एम.पी.45.जी.1222, बोलेरो पिकअप एम.पी.46.जी.2436, आर.जे.21.जी.सी.8855, पिकअप क्र. आर.जे.08. जी.ए.6594, ट्रक आर.जे.46.जी.ए.4517, आर.जे.21. जी.सी.2786, ट्रक आर.जे.21.जी.सी. 7786, ट्रक आर.जे.21.जी.डी.1599, ट्रक आर.जे.21. जी.सी.9193, ट्रक आर.जे.21.जी.डी.9999, पिकअप एम.एच.20.डी.ई.2873, पिकअप एम.पी.14.जी.सी.2655, पिकअप क्र. आर.जे.36.जी.ए.3330, ट्रक आर.जे.07.जी.बी.0265, ट्रक आर.जे.52.जी.बी.1261, पिकअप क्र. एम.पी.45.जी.3271, कंटेनर वाहन क्र. आर.जे.21.जी.डी.5318, ट्रक वाहन क्र. आर.जे.20.जी.सी.6221, पिकअप वाहन क्र. एम.एच.20जी.सी.7207, आयशर पी.बी.22.के.4097, पिकअप वाहन क्र. एम.पी.04.जी.ए.5011, पिकअप क्र. एम.पी.70.जेड.बी.1471, ट्रक वाहन क्र. पी.बी.13.बी.पी.2907 को शासनहित में राजसात किया गया है।

# बावड़ा में बना बरसों पुराना तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा



**मनासा, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत मनासा की ग्राम पंचायत बावड़ा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बरसो पुराने तालाब की कोई पुछ परख नही है इसके चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। एक ओर प्रदेश से लगाकर केंद्र सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके तालाब बना रही है लेकिन दूसरी ओर यहां तालाब सदियों पुराना है। इसमें पानी हमेशा यथावत भरा हुवा रहता है। लेकिन जिम्मेदारों की लापराही से इस तालाब में गंदगी पसरी हुई है। गंदगी के कारण यह तालाब सुंदरता की बजाय झाड़ियां एवं गंदगी के बीच अपनी सुन्दरता को खो चुका है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार स्वच्छता को इतना बड़ावा दे रही लेकिन ग्राम पंचायत बावड़ा में जो सदियों पुराना बना तालाब की सुध लेने वाला कोई नही है। यहा तक की पंचायत भवन से लगा हुवा। यह तालाब का पानी पंचायत एवं पुरे गांव की सुन्दरता और सौंदर्यता पर आंसू बहा रहा है। बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब में जब वर्षा कम होती थी तब भी उस समय भी इस तालाब में पानी रहता है इस से कई पशु पक्षी जीव अपनी प्यास बुझाते है।ग्रामीणो का इतना तक कहना है कि जिस समय इस तालाब का निर्माण किया गया था उस जमाने में इस तालाब का पानी पीने में उपयोग लिया जाता था। गए वर्तमान में अमृत सरोवर में मनरेगा में फर्जी मस्टर फर्जी मजदूर चल रहे है जब की वहा पहले से ही बड़ा तालाब पहले से खोदा हुआ है और नया अमृत सरोवर में बारिश के पानी लबालब भरा हुआ है और मस्टर के पैसे ले रहे सरपंच सचिव नए बनाए नाले में घटिया निर्माण से लाखो का चूना लगा कर अपनी जेब भरी और नाला घटिया निर्माण के आसू बहा रहा है लेकिन जिम्मेदारों की चूक से आज यह एक बदबूदार तालाब बन चुका है। आज इसी तालाब के गंदे पानी से डेंगू मलेरिया जैसी घातक बीमारियों गांव में फैल रही हैं जिससे गांववासी काफी परेशान हैं। शयाम नागदा को इस विषय में जानकारी लेने के लिए फोन लगाया परंतु फोन उठाने नही उठाया जिम्मेदार ही अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है और मस्टर के पैसे वृद्धा विधवा लाडली बहने के खाते के पैसे थंब लगा कर निकल रहे है पूरी बारिश में मनेगा में भरी बारिश के बाद भी रोड सरोवर पर कोई मजदूर नही पानी भरा हुआ और फर्जी मस्टर फर्जी मजदूर के पैसे डकार गया सरपंच दशरथ पाटीदार सचिव श्यामनगदा और रोजगार सहायक की मिली भगत से हुआ भ्रष्टाचार घटिया निर्माण से भरी जेब जिसकी जांच अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया जाकर कार्यवाही की जावे। जनपद सीईओ अंजली आंजना का कहना है की इसको दिखवाती हूं गलत होने पर कारवाही करती हूं।

# पलासिया में निकली भव्य गौ यात्रा, संतों ने कथा में पांच दिन तक गाई गौ गाथा

**दलौदा, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पांच दिवसीय संगीतमय गो कृपा कथा का आयोजन महाराणा प्रताप चौक पलासिया में किया गया। जिसमें प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक कथावाचक गौ क्रांतिकारी गौ संत श्री गोपाल गऊ शरणानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से किया गया। कथा के अंतिम दिन पूरे गांव में भव्य गौ माता की रथयात्रा निकाली गई जिसमे गौ माता को रथ के माध्यम से भ्रमण कराया गया।



पांच दिवसीय गौ कृपा कथा में कथा वाचक गुरूदेव ने भक्ति को गौ माता की महिमा व गौ पंचगव्य के माध्यम से शरीर को निरोगी बनाने के उपाय बताए। महाराज जी ने बताया कि जल्दी ही मालवा की पावन धरा जावरा में भव्य व आधुनिक गौ चिकित्सालय का निर्माण होने जा रहा है। भव्य गौ यात्रा में मध्यप्रदेश गौ सेवा समिति के प्रदेश संयोजक व गौ क्रांतिकारी गौ संत श्री गोपाल गऊ शरणानंद सरस्वती जी महाराज, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व मंदसौर पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसोदिया, श्री गणेश गोपाल महाराज, एबीवीपी पूर्व जिला संयोजक गजराज सिंह (गज्जू बन्ना पलासिया), गौ यात्रा के प्रदेश संयोजक लक्षीराजसिंह, राधेश्यामदस बैरागी, नारायणसिंह सूर्यपालसिंह, नटवरसिंह, खाटू श्याम सेवा समिति पलासिया के सचिव लोकेंद्रसिंह, श्री राजपूत युवा समिति में अध्यक्ष नरेंद्रसिंह, सुरेंद्रसिंह, चंद्रपलासिंह सिसोदिया, महिपालसिंह, गुरमितसिंह, प्रभुलाल राठोड़ सहित बड़ी संख्या में नगर वासी महिला पुरुष बच्चे आदि उपस्थित रहे। जानकारी मंगलदास जी महाराज ने दी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024...

# महायुति की ऐतिहासिक जीत, महिला केंद्रित योजनाओं का दबदबा

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजों ने सत्तारूढ़ महायुति (बीजेपी, शिवसेना-शिंदे गुट, और एनसीपी-अजित पवार गुट) की मजबूत पकड़ को रेखांकित किया है। महायुति ने 236 सीटों पर जीत दर्ज कर अपने शासन को बरकरार रखने के साथ-साथ मतदाताओं के भरोसे को और गहरा किया। यह परिणाम न केवल महायुति की संगठित रणनीति और मजबूत चुनावी गठबंधन का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि महिला केंद्रित योजनाएं चुनावी सफलता का एक बड़ा कारक बन सकती हैं।

**महिलाओं का निर्णायक योगदान**–महिला मतदाता इस चुनाव में निर्णायक भूमिका में रहीं। मध्य प्रदेश में सफल रही 'लाड़ली बहना योजना' का विस्तार महाराष्ट्र में किया गया, जिसने ग्रामीण और शहरी निम्न-मध्यम वर्गीय महिला मतदाताओं को बड़ी संख्या में महायुति के पक्ष में आकर्षित किया। यह योजना महिलाओं को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस रणनीति ने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में महायुति को व्यापक समर्थन दिलाया। उच्च मतदान प्रतिशत और महिला केंद्रित योजनाओं की सफलता ने स्पष्ट किया कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल न केवल अपने पारंपरिक वोट बैंक को बनाए रखने में सफल रहे, बल्कि महिलाओं के एक नए और बड़े वर्ग को भी अपने पक्ष में कर लिया। इस प्रभाव ने न केवल शहरों बल्कि गांवों में भी महायुति के वोट प्रतिशत को बढ़ाने में मदद की।

**संगठित गठबंधन रणनीति**–महायुति की जीत का एक बड़ा कारण उनका सटीक गठबंधन गणित और संगठित चुनावी रणनीति रही। बीजेपी ने 148 सीटों पर चुनाव लड़ा और 133 पर जीत दर्ज की जबकि शिवसेना-शिंदे गुट ने 80 सीटों पर चुनाव लड़ा और 57 सीटों पर जीत दर्ज की और अजित पवार गुट के नेतृत्व वाले एनसीपी ने 52 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे जिसमें 41 सीटों पर जीत दर्ज की। यह सीट बंटवारा न केवल प्रभावी साबित हुआ, बल्कि हर क्षेत्र में महायुति की उपस्थिति को भी मजबूत किया। दूसरी ओर, महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में शिवसेना (उद्धव गुट), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी का गठबंधन अपेक्षा से कमजोर साबित हुआ। इन दलों ने 48 सीटों पर ही सफलता हासिल की, जो 2019 के मुकाबले कम है। एमवीए के कमजोर प्रदर्शन का मुख्य कारण शिवसेना और एनसीपी में विभाजन रहा, जिसका बीजेपी ने पूरी तरह लाभ उठाया।


नेमीचंद राठौर

**महायुति की चुनावी सफलता के मुख्य कारण**–महिला केंद्रित योजनाओं का प्रभाव 'लाड़ली बहना योजना' जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने महिला मतदाताओं को सीधे तौर पर जोड़ने का काम किया। इससे ग्रामीण और शहरी निम्न-मध्यम वर्गीय क्षेत्रों में महायुति को व्यापक समर्थन मिला। गठबंधन का कुशल प्रबंधन के माध्यम से बीजेपी ने शिवसेना और एनसीपी के विभाजन का पूरी तरह लाभ उठाया। सीट बंटवारे की रणनीति ने गठबंधन को मजबूती दी और एमवीए को कमजोर किया।कमजोर विपक्ष होने से एमवीए के अंदर एकजुटता की कमी, संगठनात्मक कमजोरी और स्पष्ट नीतियों का अभाव विपक्ष के प्रदर्शन पर भारी पड़ा। चुनाव परिणाम में महायुति ने 236 सीटों पर जीत दर्ज की। बीजेपी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा, जबकि शिवसेना-शिंदे गुट और अजित पवार की एनसीपी ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। दूसरी ओर, एमवीए 48 सीटों तक ही सिमट गई। निर्दलीयों और छोटे दलों ने 4 सीटें हासिल कीं।

**महायुति की सफलता के राजनीतिक मायने**–महायुति की यह ऐतिहासिक जीत न केवल सरकार की स्थिरता को सुनिश्चित करती है, बल्कि अगले कुछ वर्षों के लिए महाराष्ट्र की राजनीतिक दिशा को भी तय करती है। इस जीत ने यह भी स्पष्ट किया कि सामाजिक कल्याण और विकास केंद्रित नीतियां मतदाताओं को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिला केंद्रित योजनाओं के प्रभाव ने यह दिखा दिया कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा की नीतियां केवल एक वर्ग विशेष को ही नहीं, बल्कि व्यापक स्तर पर पूरे समाज को प्रभावित कर सकती हैं। इस सफलता के साथ, महायुति ने यह संदेश दिया है कि राजनीति में स्थिरता, संगठनात्मक ताकत और मतदाता केंद्रित योजनाओं का होना कितना जरूरी है।

**विपक्ष के लिए सबक**–महाविकास अघाड़ी को इन नतीजों से सबक लेने की जरूरत है। शिवसेना और एनसीपी के विभाजन ने उनके प्रदर्शन को काफी नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा, एकजुट रणनीति की कमी और महिला या अन्य सामाजिक वर्गों को लक्षित योजनाओं की अनुपस्थिति ने विपक्ष की कमजोरी को उजागर किया।

**आगे की राह**–महायुति की जीत महाराष्ट्र की राजनीति में स्थिरता और विकास के एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है। अब सरकार पर दबाव होगा कि वह महिलाओं, किसानों और शहरी वर्गों के लिए अपनी योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करे। महायुति की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संगठित रणनीति और सही नीतियां न केवल चुनावी सफलता की कुंजी हैं, बल्कि वे जनमत को भी निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इस जीत ने महाराष्ट्र में बीजेपी और उसके सहयोगियों की सियासी ताकत को और मजबूत कर दिया है।

# पीएम आवास योजना 2.0 : सस्ती दर पर किराए से मकान देगी सरकार

**भोपाल, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को झुग्गीमुक्त करने के लिए अब सरकार खासतौर पर प्रवासी लोगों के लिए बहुत सस्ती दरों पर किराए पर आवास सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। यह काम पीएम आवास योजना-2.0 के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से किया जाएगा। फिलहाल नगरीय निकायों में विभिन्न योजनाओं के तहत बने आवासों में से खाली आवासों की जानकारी जुटाई जा रही है। सबसे पहले इन्हें किराए पर दिया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।




अभी शहरों में और उद्योगों में काम करने के लिए आए मजदूर कहीं भी खाली पड़ी जमीन पर झुग्गी बनाकर रहना शुरू कर देते हैं क्योंकि, इनकी आमदनी कम होती है। वे किराए के आवास नहीं ले पाते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास भी आवास सुविधा उपलब्ध नहीं होने से झुग्गी बस्तियां बन गई हैं। यहां इनके लिए कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण अवैध कब्जे बढ़ने के साथ गंदगी और बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसे देखते हुए सीएम ने भी श्रमिकों के निवास की व्यवस्था के निर्देश दिए थे।

नगरीय विकास के अपर आयुक्त परीक्षित झाड़े के अनुसार अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग स्कीम के तहत दो मॉडल अपनाए जाएंगे। पहले के तहत मौजूदा सरकारी वित्त पोषित खाली घरों को पीपीपी मोड पर या सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा किराए के आवासों में बदला जाएगा। दूसरे मॉडल के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं व उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्रों के कर्मचारियों और अन्य पात्र ईडब्ल्यूएस, एलआइजी परिवारों के लिए निजी या सरकारी संस्थाओं द्वारा किराए के आवास का निर्माण करने के साथ संचालन और रखरखाव भी किया जाएगा। इन आवासों का किराया बहुत कम होगा।

**डोरमेट्री भी बनेंगे...**

अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग के तहत औद्योगिक क्षेत्रों के पास डोरमेट्री आवास बनाए जाएंगे। यह सभी मौसम के अनुकूल होंगे। इसमें 10 वर्ग मीटर तक के कारपेट एरिया में 3-4 बिस्तर वाले हॉल बनाए जाएंगे। इसमें अलग-अलग बिस्तरों के साथ साइड टेबल, सेल्फ, लॉकर रहेंगे। इसके साथ रसोई और शौचालय की कॉमन सुविधा रहेगी।



## राज्य स्तरीय शालेय बेसबॉल प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस का आयोजन हुआ

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 68 वीं राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता (17 वर्ष) बालक/बालिका का द्वितीय दिवस उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में राज्य के संभागों से आई हुई टीमें अपने उत्कृष्ट खेल कला का प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर जिले के बेसबॉल संघ, व्यायाम शिक्षक, रेफरी, कोच, जनरल मैनेजर एवं खेल प्रेमियों, कर्मचारियो का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

द्वितीय दिवस शाम तक खेले गए बेसबॉल टीमों के परिणाम बालक वर्ग में नर्मदापुरम संभाग वर्सेस भोपाल संभाग में 10–0 से भोपाल संभाग विजेता, ग्वालियर संभाग वर्सेस सागर संभाग में 8–6 से ग्वालियर संभाग विजेता, भोपाल वर्सेस सागर संभाग में 5–1 से भोपाल संभाग विजेता, रीवा संभाग वर्सेस जनजाति कार्य विभाग में 7–0 से रीवा संभाग विजेता, जनजाति विभाग वर्सेस जबलपुर संभाग में 10–6 से जबलपुर संभाग विजेता, नर्मदापुरम संभाग वर्सेस इंदौर संभाग में 10–2 से इंदौर संभाग विजेता रहें। बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग वर्सेस रीवा संभाग में 15–4 से उज्जैन संभाग विजेता, सागर संभाग वर्सेस ग्वालियर संभाग में 11–8 से सागर संभाग विजेता, भोपाल संभाग वर्सेस इंदौर संभाग में 10–9 से भोपाल संभाग विजेता, रीवा संभाग वर्सेस नर्मदापुरम संभाग में 7–3 से रीवा संभाग विजेता, उज्जैन संभाग वर्सेस जबलपुर संभाग में 8–2 से उज्जैन संभाग विजेता, भोपाल वर्सेस ग्वालियर संभाग में 13–7 से भोपाल संभाग विजेता रहें।

## शाप्रावि चांदाखेड़ी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नगरी, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शाप्रावि चांदाखेड़ी का गत दिनों शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। डीपीसी जगतदेव शुक्ल द्वारा संस्था निरीक्षण के दोरान छात्र-छात्राओं से नेस संबंधी प्रश्न पूछे गए। एवं दक्षता का मूल्यांकन किया गया, साथ ही विद्यालय का अवलोकन किया गया। जिसमें डीपीसी द्वारा संस्था प्रमुख के सराहनीय कार्य पर हर्ष व्यक्त किया एवं आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान किया संस्था में अध्यनरत विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहते हुए सभी को आशीष प्रदान किया। इस दौरान कैलाश चंद सेठिया (इंजीनियर मंदसौर) उपस्थित रहे। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारी गण द्वारा संस्था मरम्मत एवं रखरखाव के कार्य के लिए संस्था प्रधान विक्रम सिंह राठौर को संस्था की जवाब देही एवं उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रशंसा की।

# बंटवारे की रिपोर्ट के एवज में रिश्वत लेने वाले पटवारी और चौकीदार को 3-3 वर्ष की सजा

**नीमच, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान राकेश कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), जिला-नीमच द्वारा बँटवारे की रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के एवज में 18000/- रूपये की रिश्वत लेने वाले पटवारी सुभाष चौहान पिता रघुनंदनसिंह चौहान, उम्र-39 वर्ष, निवासी-125 शांति नगर नीमच एवं रिश्वत के रूपये अपने कब्जे में रखने वाले चौकीदार नूर खां पिता काले खां, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम जाट, जिला नीमच को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 सहपठित धारा 120(??) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 वर्ष के सश्रम एवं 10000-10000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

श्री जगदीश चौहान, विशेष लोक अभियोजक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक निलेश सुथार, निवासी-ग्राम डिकेन, तहसील जावद, जिला नीमच द्वारा पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, उज्जैन में एक शिकायती आवेदन दिया कि उसके व उसके भाई अनिल सुथार के ससुर की एक शामिलाती भूमि ग्राम जाट पटवारी हल्का नंबर 28 टप्पा रतनगढ, तहसील सिंगोली, जिला नीमच में स्थित है। इस भूमि के बँटवारे हेतु तहसील कार्यालय, रतनगढ में आवेदन किया हुआ हैं, जिसके संबंध में पटवारी हल्का नंबर 28 सुभाषसिंह चौहान द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाना हैं, जिसके एवज में पटवारी द्वारा 18000/- रूपये रिश्वत की मांग की जा रही हैं। आवेदक निलेश सुथार के आवेदन पर से रिश्वत की मांग की पुष्टी किये जाने हेतु आवेदक को वाईस रिकॉर्डर के साथ आरोपी के पास भेजा, जहॉ पर आरोपी द्वारा दिनांक 28.01.2019 को 18000/-रूपये लेकर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया। रिश्वत की मांग की पुष्टी हो जाने पर उप पुलिस अधीक्षक वेदांत शर्मा के नेतृत्व में ट्रेप दल का गठन किया गया। दिनांक 28.01.2019 को ट्रेप दल मय आवेदक के दिन के समय रतनगढ पहुँचा जहॉ पर आवेदक द्वारा आरोपी को फोन पर लगाया जाना आरोपी द्वारा उसे रिश्वत की राशि लेकर ग्राम जाट धाकड़ धर्मशाला के पीछे गोपाल गुर्जर के घर पर बुलाया। आवेदक, गोपाल गुर्जर के घर पर गया। जहॉ पर उसने रिश्वत की राशि आरोपी सुभाष को दिये जाने के पश्चात ट्रेप दल को इशारा किया, जिस पर से ट्रेप दल द्वारा आरोपी सुभाष को पकडा गया, जिसके हाथ धुलाये जाने पर घोल का रंग गुलाबी हो गया था। आरोपी सुभाष द्वारा रिश्वत के रूपये सह आरोपी चौकीदार नूर खां को दिये गये थे, जिसके कब्जे से रिश्वत के रूपये जप्त किये गये। मौके की कार्यवाही कर अग्रिम विवेचना डीएसपी लोकायुक्त बसंत श्रीवास्तव द्वारा की जाकर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988) नीमच में प्रस्तुत किया गया। विशेष लोक अभियेजक द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान आवेदक, ट्रेपदल के सदस्य, पंचसाक्षी व विवेचक सहीत सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराते हुए अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराकर आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किए जाने का निवेदन किया गया। जिस पर से माननीय विशेष न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी श्री जगदीश चौहान, विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# खाद की कालाबाजारी पर कार्यवाही करें एवं नकली खाद और बीज की तुरंत जांच करें-कलेक्टर

**नरवाई जलाने पर सभी एसडीएम कठोर कार्यवाही करें, राजस्व महाअभियान 3.0 में सभी प्रकरणों का करें निराकरण, राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, खाद को लेकर किसी प्रकार की कालाबाजारी न हो। कालाबाजारी की शिकायत होने पर तुरंत कार्यवाही करें। नकली खाद और नकली बीज के संबंध में लगातार जांच करें। कितनी खाद की रैंक आ रही है इसकी भी जानकारी रखें। साथ ही सोसायटी एवं नगद विक्रय खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण करें।खाद को लेकर किसानों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार मौजूद थे।



स्वामित्व योजना अंतर्गत बेहतर कार्य नहीं करने पर खिलजीपुरा, बड़वन, रिंडा, रठाना, भाटरवास, फतेहगढ़, दलौदा चौपाटी, अजीज खेड़ी, राजाखेड़ी, रेवास-देवड़ा के पटवारी के वेतन रोकने की निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को निर्देश दिए की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उद्योग हेतु भूमि चयन की कार्यवाहियां समय पर पूर्ण करें। शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी भूमि चिन्हित करें। भूमि आवंटन के मामले को लंबित रखने पर एसडीएम पर सीधी कार्यवाही होगी। राजस्व महाअभियान 3.0 में जितने भी पुराने नामांतरण, बंटवारा, रिकार्ड सुधार, सीमांकन, परंपरागत रास्तो का चिन्हाकन के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करें। लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करें। जिले के सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम किसान कल्याण योजना अंतर्गत किसान के आधार लिंक के शेष बचे किसानों के जल्द लिंक करें। साथ ही उनकी फार्मर आईडी बनाएं। कोई भी किसान शेष न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर सीमांकन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें।

**स्वामित्व योजना कार्य में प्रगति लाएं**–कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वामित्व योजना के कार्य में प्रगति लाएं। स्वामित्व योजना कार्य समय से पूर्ण न होने के कारण पटवारी के वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिये कि राजस्व के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करें। लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करें।

# जिला शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**नीमच, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डामोर ने मिशन अंकुर (निपुण भारत), राष्ट्रीय मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारियों , मिड डे मील, साईकिल व गणवेश वितरण, यूडाइस, छात्रावास और नव भारत साक्षरता के सर्वे सहित विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई।

श्री डामोर ने शासन की योजनाओं के सभी स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन और लक्ष्य अनुरूप सतत निरीक्षण पर विशेष जोर दिया। बैठक में डाइट प्राचार्य श्री सी पी शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक श्री दिलीप व्यास, समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, डाइट अकादमिक सदस्य, एवं जन शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि आगामी 1 दिसंबर को राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी संस्था प्रधान शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। नेशनल अचीवमेंट सर्वे का आयोजन 4 दिसंबर को होना है, इस हेतु जिले की कुल 101 शासकीय व अशासकीय शालाओं का चयन हुआ है। बैठक में सर्वे की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए।

## बिनौली में मारपीट, 5 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिनौली में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। ग्रीड वाले बालाजी के पास निवासरत राजेश पिता केशवदास बैरागी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि भानेज की शादी की बिनोली निकल रही थी, इस दौरान चेतन पिता ललित राठौर, हरीश पिता सत्यनारायण राठौर, आकाश पिता ललित राठौर, विशाल पिता जगदीश गुर्जर व देवराज बिन बुलाए आ गए और डीजे बजवाकर नाचने लगे। हमने नाचने से मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। सभी ने मेरे भानेज धीरज के साथ गालियां दी व सिर पर डंडे से मारी, जिससे चोंट आई।

# महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर मंदसौर जिला भाजपा कार्यालय पर मना जश्न

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व एवं राज्यसभा सांसद एवं महाराष्ट्र राज्य के जलगांव जिले के चुनाव प्रभारी बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता की गरिमय उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय के बाहर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के जलगांव जिले के प्रभारी राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि महायुति ने जलगांव जिले की सभी 11 सीट जीत ली है, जिसमें ,भाजपा 5/5, शिवसेना 5/5 ,एनसीपी अजित 1/1 जीती हैं। हमने तीन माह से जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का बूथ स्तर तक जाकर कार्य किया है। विजय होने वाले भाइयों में राजुमामा भोळे – जळगाव शहर, गिरीश महाजन – जामनेर, गुलाबराव पाटील – जळगाव ग्रामीण, संजय सावकारे – भुसावळ, अमोल जावळे – रावेर, अनिल पाटील – अमळनेर, मंगेश चव्हाण – चाळीसगाव, किशोर पाटील – पाचोरा, अमोल पाटील – पारोळा, चंद्रकांत पाटील – मुक्ताईनगर, चंद्रकांत सोनवणे – चोपडा है।



इस अवसर पर लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि महाराष्ट्र में फिर एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र की जनता ने अपना विश्वास भाजपा पर जताया है। महाराष्ट्र की जनता ने एक रहेंगे तो नेक रहेंगे के नारे पर विश्वास कर राष्ट्रहित और सबका साथ सबका विकास के नारे को बुलंद किया है। मैं इस अवसर पर महाराष्ट्र के देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में एक बार फिर महाराष्ट्र की जनता ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति अपना विश्वास जताया है और कांग्रेस को सच्चाई का आईना दिखाया है। मैं इस ऐतिहासिक विजय के शिल्पकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं संगठन द्वारा नियुक्त प्रभारियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने राज्यसभा सांसद एवं महाराष्ट्र राज्य के जलगांव जिले के प्रभारी बंशीलाल गुर्जर एवं लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता का शाल श्रीफल भेट कर स्वागत किया। इस विजय जश्न के अवसर पर भाजपा पदाधिकारीगण मुकेश काला, राजेश पालीवाल, वरिष्ठनेता पारस मावर, नपा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, तेजपाल सिंह धाकडी, अंकित सोनी, निलेश जैन, नरेश चंदवानी, पप्पू चंदवानी, राजकुमार गुप्ता, गौरव अग्रवाल, कमलेश सिसोदिया, भावना पमनानी, बब्बु पमनानी, उमेश पारिख, राकेश भावसार, सुनील जैन, पीयूष जैन, लालसिंह डूंगावद, बंटी चौहान, महेंद्र परिहार, भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, पुष्पेंद्र भावसार, खूबचंद पहलवान, दिनेश जाट, शिव गुर्जर, उँकारलाल माली, बंशी राठौर, दिलीप ग्वाला, जगदीश गुर्जर, योगेश जैन सहित अनेक पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# आज पशुपतिनाथ मेला में सुरेश अलबेला लाफ्टर नाईट्स कार्यक्रम होगा

**मंदसौर, 23 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, सीएमओ सुधीर कुमारसिंह, मेला अधिकारी पी.एस. धारवे ने बताया कि आज दिनांक 24 नवम्बर रविवार को रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक नगरपालिका द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर सुरेश अलबेला लाफ्टर नाईटस का आयोजन होगा। सुरेश अलबेला व्यंगकार है तथा कई मंचों पर वे अपनी प्रस्तुति दे चुके है। नगरपालिका परिषद ने उन्हें पशुपतिनाथ मेला में प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया है।नगर के नागरिकों से नगरपालिका परिषद आग्रह करती है कि वे इसमें शामिल होवे।




**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 73/2024 दिनांक 23.11.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा तुलसीराम पिता मन्नालाल, जाति पाटीदार, निवासी ग्राम देवरी खवासा, तहसील मनासा, जिला नीमच से आवासीय भूखण्ड जो भूमि भवन क्रमांक 277, संपत्ति क्रमांक 1573161748 पर दर्ज होकर, ग्राम देवरी खवासा, तहसील मनासा, जिला नीमच उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई स्टाम्प कोड क्रमांक 01011419112024001436, दिनांक 19.11.2024 से मेरे पक्षकार विद्या पति तुलसीराम, जाति पाटीदार, ग्राम देवरी खवासा, तहसील मनासा, जिला नीमच के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मनासा में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है–

पूर्व में–आम रास्ता, पश्चिम में–गली, उत्तर में–चेनराम/बालमुकुन्द का मकान, दक्षिण में–रामनिवास/नंदलाल का मकान, पैमाईश रकबा–73 वर्गमीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



NAME CHANGE

We, Murtaza kulka and Maleka kulka, resident of House no. C-1 Ward no.4 Burhani Nagar Mandsaur M.p.458001are changing my Child's name from QUTUB KHAN to QUTUBKHAN KULKA. Henceforth with he will be known by QUTUBKHAN KULKA for all future purposes.



NAME CHANGE

We, Murtaza kulka and Maleka kulka, resident of House no. C-1 Ward no.4 Burhani Nagar Mandsaur M.p.458001are changing my Child's name from ZAHRA to ZAHRA KULKA. Henceforth with she will be known by ZAHRA KULKA for all future purposes.



**कार्यालय कलेक्टर जिला मंदसौर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग, जिला मंदसौर मध्यप्रदेश**

क्रमांक-1991/भू-अर्जन शाखा/आरटीसी/2024

मंदसौर, दिनांक-31.07.2024
प्रकरण क्रमांक 002/अ-82/2024-25

**✻✻✻✻ प्रारंभिक सूचना ✻✻✻✻**

**(राज्य शासन के आदेश राजस्व विभाग मंत्रालय भवन भोपाल दिनांक 12.11.2014 आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति मध्यप्रदेश पत्र भाग-1 पृष्ठ क्रमांक 3466-69 दिनांक 14.11.2014 के अंतर्गत कंडिका-11(1) के तहत।)**

चूंकि, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अधिनियम दिनांक 12.11.2014 एवं राजपत्र दिनांक 14.11.2014 के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों की सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओं के लिए समय-समय पर निजी भूमि की आवश्यकता पड़ती है। इस नीति के अंतर्गत राज्य शासन के विभाग उपक्रम परियोजना प्रशासक, एस.एस.पी.आई.यू. शामगढ़ की भानपुरा नहर परियोजना युनिट-2 के निर्माण हेतु ग्राम कस्बा संधारा तहसील भानपुरा जिला मंदसौर की निजी भूमि की आवश्यकता है। इसका विवरण निम्नानुसार है तथा इस इसके भूमि स्वामी/भूमि स्वामियों के द्वारा नीति की कंडिका-10 के अंतर्गत अर्जन हेतु निर्धारित प्रारुप ख में सहमति मुझे प्रस्तुत कर दी गई है।

क्रय नीति की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति कंडिका 11(1) के अंतर्गत सर्व साधारण की सूचना के लिए यह सूचना जारी की जाती है कि नीति के अंतर्गत अर्जित की जा रही भूमि एवं विभाग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा चुका है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों को ना तो स्वीकार किया जावेगा और ना ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जावेगा।

**अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण**

**जिला मंदसौर तहसील भानपुरा के ग्राम संधारा की निजी भूमि को भानपुरा नहर परियोजना युनिट-2 के निर्माण कार्य हेतु। कुल अर्जित रकबा 0.77 है.**

**अनुसूची (1)**

| सरल क्रमांक | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (है. में ) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंचित | असिंचित | कुल रकबा |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ग्राम संधारा | 0.077 हे. | ---- | 0.077 हे. |

**अनुसूची (2)**

| क्रं. | कृषक का नाम | सर्वे नंबर | निजी रकबा | पूर्व अर्जित रकबा | कुल अर्जित रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | हेक्टर | हेक्टर | हेक्टर |
| 1. | बलाराम, सत्यनारायण, बसंतीबाई पिता नंदा जाति माली | 1256 | 0.526 | --- | 0.077 हे. |
| | योग | | 0.526 | --- | 0.077 हे. |

नोट-भूमि का नक्शा, प्लान का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी उपखंड गरोठ के कार्यालय में किया जा सकता है।

G-19366/24

यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
दिलीपकुमार यादव
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन, राजस्व विभाग मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in